लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं.: 2507
उत्तर देने की तारीखः 03.12.2019

सामाजिक कल्याण छात्रावास

2507. श्री सी.पी. चौधरी:

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या सरकार के पास राज्यों में सामाजिक कल्याण छात्रावासों के निर्माण के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या झारखंड राज्य सरकार ने राज्य में सामाजिक कल्याण छात्रावासों के निर्माण हेतु धनराशि जारी करने के लिए केन्द्र सरकार से अनुरोध किया है; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
(श्री रतन लाल कटारिया)

(क) जी, हां। दो केन्द्रीय प्रायोजित योजनाएं हैं, जिनके अंतर्गत छात्रावासों के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती हैः

(i) **बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना (बीजेआरसीवाई):**

इस योजना के अंतर्गत, मंत्रालय देशभर में एससी बालकों तथा बालिकाओं के छात्रावासों के निर्माण/विस्तार/मरम्मत और रख-रखाव के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इस योजना के अंतर्गत राज्य सरकारें, संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन और केन्द्रीय तथा राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान छात्रावास नए भवन के निर्माण, मौजूदा छात्रावास सुविधाओं के विस्तार के लिए और निर्मित छात्रावासों की समय-समय पर मरम्मत और रख-रखाव हेतु केन्द्रीय सहायता प्राप्त करने के पात्र हैं।

(ii) **अन्य पिछड़े वर्गों के बालकों तथा बालिकाओं के लिए छात्रावासों का निर्माणः** इस योजना का उद्देश्य सामाजिक तथा शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित छात्रों को माध्यमिक तथा उच्च स्तर की शिक्षा के अध्ययन हेतु उन्हें सक्षम बनाने के लिए छात्रावास सुविधाएं प्रदान करना है।

(ख) और (ग): **बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना (बीजेआरसीवाई)** के अंतर्गत, झारखंड राज्य सरकार ने 250 सहवासियों के लिए एक एससी बालक छात्रावास के निर्माण के लिए केन्द्रीय सहायता जारी करने हेतु वर्ष 2017-18 के दौरान एक प्रस्ताव भेजा था। तथापि, इस प्रस्ताव के अपूर्ण होने की वजह से झारखंड राज्य सरकार को कमियों को दूर करने से संबंध में सूचित कर दिया गया है।

जहां तक **अन्य पिछड़े वर्गों के बालकों तथा बालिकाओं के लिए छात्रावासों के निर्माण** का संबंध है, झारखंड राज्य के लिए संस्वीकृत छात्रावासों की एक सूची अनुबंध में दी गई है।

अनुबंध

दिनांक 03.12.2019 को उत्तरार्थ लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 2507 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

झारखंड राज्य सरकार के ओबीसी छात्रावासों का विवरण

क्र.सं.	छात्रावास का नाम और पता	जिला	सहवासियों की संख्या		कुल सहवासी	संस्वीकृति का वर्ष	संस्वीकृत राशि लाख रुपये में
			बालक	बालिकाएं			
1	बालक छात्रावास		100		100		22.49
2	बेसिक मिडिल स्कूल कैम्पस, डाल्टनगंग	पलामू	50		50	2001-02	147.282
3	धनबाद हाई स्कूल परिसर	धनबाद	50		50	2001-02	
4	इंटर बेस, गिरिडीह, कैंपस	धनबाद	50		50	2001-02	
5	बीसी बालक छात्रावास, महशवरा	हजारीबाग	50		50	2001-02	
6	कंथितरन, कोडरमा		50		50	2001-02	
7	एसएस कॉलेज, देवघर	देवघर	50		50	2001-02	
8	पलामू क्लब		50		50	2001-02	
9	गढ़वा बालिका हाई स्कूल परिसर			50	50	2001-02	
10	केबी महिला कॉलेज, हज़ारीबाग	हजारीबाग		50	50	2001-02	
11	एसएसएलएनटी हाई स्कूल धनबाद	धनबाद		50	50	2001-02	
12	रामलखन सिंह यादव कॉलेज, झामरी तिलैया	कोडरमा		50	50	2001-02	
13	गर्ल्स मिडिल स्कूल, गुड्डा	गुड्डा		50	50	2001-02	
14	सरकारी हाई स्कूल, पनकी	पलामू	50		50	2004-05	17.25
15	शहीद भगत सिंह कॉलेज, जापला	पलामू	50		50	2004-05	17.25
16	रवि महतो मेमोरियल हाई स्कूल, महुआ	धनबाद	50		50	2004-05	17.25
17	विनोद बिहारी महतो कॉलेज, बलियापुर	धनबाद		50	50	2004-05	10.35
18	हाई स्कूल, बरकांटा	हजारीबाग		50	50	2004-05	17.25
19	कर्पूरी ठाकुर हाईस्कूल कांचरो	नवाई		50	50	2004-05	17.25
20	मंडेर कॉलेज, मंडेर	रांची	50		50	2006-07	19.54
21	मधुसूदन महतो हाई स्कूल, असन्तलीया, चक्रधरपुर	सिंहभूम		50	50	2006-07	19.54
22	ओबीसी आवासीय बालिका हाई स्कूल, पलामू	पलामू		100	100	2007-08	42.216
23	रामनारायण मेमोरियल कॉलेज, बरही	बरही	100		100	2007-08	42.216
24	गर्ल्स हॉस्टल, धुमका	धुमका		100	100	2007-08	42.216
25	अलकबीर पालिटेक्नीक कैम्पस, जमशेदपुर	पूर्वी सिंहभूम	50		50	2008-09	19.54
26	महिला कॉलेज, चाईबासा,	पश्चिम सिंहभूम		50	50	2008-09	19.54
27	घाघरा इंटर साइंस कॉलेज परिसर, बगोदर	गिरीडीह	50		50	2008-09	19.54
28	नाला डिग्री कॉलेज	जामताड़ा	50		50	2008-09	19.54
29	चेस कॉलेज, चास	बोकारो	50		50	2008-09	19.54
30	मयूराची ग्राम डिग्री कॉलेज, रानेश्वर	दुमका	50		50	2008-09	19.54
31	अल-फुरकन एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी, चंपापुर, नरेनपुर	जामताड़ा	50		50	2008-09	19.54
32	बोकारो स्टील एंड माइंस कॉलेज, भवनाथपुर	गढ़वा	50		50	2008-09	19.54
33	ओबीसी आवासीय बालिका +2 हाई स्कूल, दुमका			100	100	2009-10	50.98
34	हाई स्कूल गरिकाला केरेडारी, हजारीबाग		50		50	2009-10	30.35
35	सिल्ली कॉलेज, सिल्ली	रांची	50		50	2010-11	91.06
36	पंच परगनिआ किसान कॉलेज, बुंडू	रांची	50		50	2010-11	
37	वंनाचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट डेंटल कॉलेज, गरथिया	गढ़वा	50		50	2010-11	
38	विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज	हजारीबाग	50		50	2010-11	30.35
	कुल		**1350**	**800**	**2150**		**791.16**

*****